

Patna University In News (03.09.2022)

पीयू : रैगिंग को लेकर सभी कॉलेजों को अलर्ट जारी

सख्ती

संवाददाता, पटना

पटना विश्वविद्यालय ने सभी कॉलेजों को रैगिंग को लेकर अलर्ट किया है. विवि ने कहा है कि चूंकि नया सत्र प्रारंभ हुआ है, सभी कॉलेज रैगिंग सेल को एक्टिव करें ताकि इस तरह की घटना कैंपस में न हो. अगर रैगिंग हो तो उस पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाये. साथ ही इस तरह की घटना की अविलंब सूचना विवि प्रशासन को दी जाये. सभी प्राचार्यों व टीओपी (पुलिस चौकी) को भी इसकी सूचना दे दी गयी है. कैंपस में एंटी रैगिंग स्कवायड घूमेंगे और इस तरह की घटना को न सिर्फ रोकेंगे बल्कि छात्रों को जागरूक भी करेंगे. कैंपस में कोई छात्र रैगिंग करने का प्रयास करता है और प्रताड़ित करता है कि उसकी सूचना कॉलेज के एंटी रैगिंग सेल को छात्र दे सकते हैं. इसके लिए सभी कॉलेजों को वॉल पोस्टर व सूचना पट के माध्यम से सेल का कांटैक्ट नंबर आदि जारी करना है. अगर वह भी नंबर उपलब्ध नहीं है तो प्राचार्य के पास शिकायत कर सकते हैं. विवि के प्रॉक्टर ऑफिस में भी उक्त सूचना दी जा सकती है.

पीयू में छात्र संघ चुनाव अक्तूबर के अंत तक

पटना. पटना विश्वविद्यालय में छात्र संघ चुनाव को लेकर सुगबुगाहट शुरू हो गयी है. छात्र इसकी तैयारियों में लग गये हैं. विवि प्रशासन भी इस बार चुनाव कराने की तैयारी कर रहा है. पीयू के स्टूडेंट्स वेलफेयर डीन प्रो अनिल कुमार ने बताया कि अक्तूबर अंत तक चुनाव होने की उम्मीद है. छात्रों को छात्र संघ चुनाव का बेसब्री से इंतजार है.

नये सत्र की कक्षाएं प्रारंभ : पटना विश्वविद्यालय नये सत्र (2022) की कक्षाएं शुक्रवार से विधिवत प्रारंभ हो गयीं. पहले दिन छात्रों को सीबीसीएस सिलेबस के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी. विभागीय स्तर पर इंडक्शन मीट का आयोजन किया गया.

जियोलॉजी में पांच नये शिक्षकों ने ज्वॉइन किया : जियोलॉजी विभाग में पांच नये शिक्षकों ने ज्वॉइन किया. इसमें दो सायंस कॉलेज, दो बीएन कॉलेज व एक पीजी विभाग में स्थापित किये गये हैं. इसमें सैयद मोहम्मद सलीम व कीर्ति यादव साइंस कॉलेज में, उर्मी दत्ता, धनजी कुमार चौधरी बीएन कॉलेज में तथा दिनेश कुमार पीजी विभाग में नियुक्त हुए हैं.

प्रभात खबर Sat, 03 September 2022 https://epaper.prabhatkhabar.co

दैनिक जागरण

हास्टल शुल्क के लिए कालेज अधिकृत

जासं, पटना: पटना विश्वविद्यालय में हास्टल कमेटी की बैठक हुई। इसमें मगध महिला कालेज में नवनिर्मित हास्टल के शुल्क निर्धारण को लेकर चर्चा हुई। छात्र कल्याण अध्यक्ष प्रो. अनिल कुमार ने बताया कि मगध महिला कालेज को नए हास्टल के शुल्क निर्धारण के लिए कालेज को अधिकृत कर दिया गया है। कालेज को कहा गया कि शुल्क निर्धारण न लाभ, न हानि के तहत हो। हास्टल में लिफ्ट भी है। इस पर तो बिजली का खर्च आएगा ही। इसलिए छात्राओं को कुछ शुल्क चुकाना तो पड़ेगा ही। वर्तमान में हास्टल मेंटन के लिए शुल्क के नाम पर दस हजार रुपये प्रति विद्यार्थी लेने की बात थी। अब कालेज प्रशासन ही तय करेगा कि छात्राओं से कितना शुल्क ली जाए।

पीयू में सेंट्रलाइज्ड शिक्षक दिवस कार्यक्रम

पटना. पटना विश्वविद्यालय में सेंट्रलाइज्ड शिक्षक दिवस कार्यक्रम व्हीलर सीनेट हॉल में आयोजित किया जायेगा. इसमें 2020 के बाद रिटायर सभी शिक्षकों को सम्मानित किया जायेगा, क्योंकि कोरोना की वजह से इससे पहले उक्त कार्यक्रम विगत दो वर्ष से स्थगित थे. कुलपति प्रो गिरीश कुमार चौधरी सभी शिक्षकों को सम्मानित करेंगे.

प्रभात खबर Sat, 03 September 2022 https://epaper.prabhatkhabar.com/c/6